क्विक हील टेक्नोलॉजी ने लोक नायक जयप्रकाश एम्बुलेंस का किया लोकार्पण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चौपारण : लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल में आज एम्बुलेंस का लोकार्पण क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड पुणे, महाराष्ट्र के सी ए श्री अजय सिरके जी के द्वारा किया गया। क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड पुणे, महाराष्ट्रा की एक जानी मानी सॉफ्टवेयर कम्पनी है। आज के कर्यक्रम में मुख्य रूप से नव भारत जागृति केंद्र के सतीश गिरिजा, डॉ आलोक कुमार, गंधर्व गौरव, बीरेंद्र सिन्हा, संतोष कुमार पूरी विकान्त सिंह एवं लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल के सभी कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथि के अभिनंदन से किया गया फिर क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड द्वारा विक्त प्रदत्त एम्बुलेंस को अस्पताल को समर्पित किया गया जो हॉस्पिटल में आये मरीजों की सहायता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखा कर मरीजों को रवाना किया गया। क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड द्वारा प्रदत्त एम्बुलेंस इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल ने इस क्षेत्र में काफी नाम कमाया है और लोगो के बीच अपनी एक अलग पहचान बनायी है, एम्बुलेंस मिलने से अस्पताल को और बल मिलेगा जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में काफी मदद मिलेगी। संस्था के सचिव सतीश गिरिजा ने क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड को धन्यवाद देते हुए कहा कि ये एक महत्वपूर्ण सहयोग मिला है जिसका उपयोग लोक कल्याण के लिए किया जायेगा।